उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-4
संख्या: 3/2026/183/XXX-4-2026-30-4099(099)/72/2021/1404987
लखनऊ: दिनांक 13 मार्च,2026

अधिसूचना

साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन 1897) की धारा 21 के साथ पठित मोटर यान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या 59, सन् 1988) की धारा 93 की उपधारा (1) और धारा 67 की उपधारा (3) तथा धारा 96 की उपधारा (2) के खण्ड (XXXIII) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली, 1998 को संशोधित करने की दृष्टि से जिस नियमावली को बनाने का प्रस्ताव करते हैं, उसका निम्नलिखित प्रारूप, उक्त अधिनियम, सन 1988 की धारा 212 की उपधारा (1) के अधीन यथापेक्षित, समस्त संबंधित की सूचना के लिए और उसके संबंध में आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

- प्रस्तावित नियमावली के संबंध में यदि कोई आपत्तियां और सुझाव हों, तो उन्हें विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, परिवहन अनुभाग-4, बापू भवन, सचिवालय, लखनऊ को लिखित रूप में अथवा ई-मेल आईडी specialsecretarytransport@gmail.com पर प्रेषित किया जाना चाहिए।
- कोई भी व्यक्ति, जिसने लिखित रूप में आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत किए हैं, विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, परिवहन अनुभाग-4, बापू भवन, सचिवालय, लखनऊ के समक्ष कक्ष संख्या-434 में किसी भी कार्यदिवस को पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 06:00 बजे के मध्य सुनवाई के लिए उपस्थित हो सकता है।
- केवल ऐसी आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जाएगा जो इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से तीस दिनों की अवधि के भीतर प्राप्त होंगे।

प्रारूप नियमावली
उत्तर प्रदेश मोटर यान (समूहक और वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026

शीर्षक	
संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना	1.(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश मोटर यान (समूहक और वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026 कही जायेगी। (2) यह सरकारी गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से पंद्रह दिन पश्चात् प्रवृत्त होगी। (3) यह उत्तर प्रदेश राज्य के भीतर समूहक संक्रियाओं पर लागू होगी।
उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली, 1998 नवीन अध्याय का बढ़ाया जाना	उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली, 1998 के अध्याय-5 के पश्चात, निम्नलिखित नया अध्याय बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात्:— अध्याय 5-क उत्तर प्रदेश मोटर यान (समूहक और वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026
प्रवर्तन/प्रवृत्त किया जाना	125-क: यह अध्याय किसी भी समूहक और वितरण सेवा प्रदाता से संबद्ध समस्त परिवहन यानों पर लागू होगा।

http://shasnadesh.up.gov.in

परिभाषायें-	125-ख.(1) इस अध्याय में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,- एक. "अधिनियम" का तात्पर्य मोटर वाहन अधिनियम, 1988 से है; दो. "समूहक" का तात्पर्य मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 2 के खंड (1क) में इसे समनुदेशित अर्थ होगा। तीन. "ऐप" का तात्पर्य समूहकया समूहकके निमित्त किसी तृतीय पक्ष द्वारा विकसित और अनुरक्षित डिजिटल एप्लिकेशन से है; चार. "आवेदन फीस" का तात्पर्य नियम 125-च के अधीन किसी एप्लिकेशन के संबंध में प्रभार से है; पांच. "वितरण सेवा प्रदाता''- का तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति या इकाई से होगा जो किसी उत्पाद, कूरियर, पैकेज या पार्सल को वितरित/लेने का प्रस्ताव करने वाले चालक को विक्रेता, ई-कॉमर्स इकाई या परेषक से जोड़ने के लिए डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक सुविधा या किसी अन्य माध्यम से मोटर यान(नों) के फ्लीट का स्वामी है, या उसका संचालन/ऑनबोर्ड करता है, या उसका प्रबंधन करता है। छह. "ई-कॉमर्स इकाई''- का तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति या इकाई से है जो इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स के लिए डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक सुविधा या प्लेटफॉर्म का स्वामित्व, संचालन या प्रबंधन करता है, लेकिन इसमें सरकार द्वारा समय-समय पर उक्त प्रयोजन के लिए अन्यथा अधिसूचित कोई इकाई या कारबार सम्मिलित नहीं है। सात. "प्रभाजित किराया" का तात्पर्य किराये के ऐसे भाग से है जो समूहक द्वारा प्रतिधारित किया जाता है; आठ. "सक्षम प्राधिकारी" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 93 के अधीन अनुज्ञप्ति जारी करने हेतु प्राधिकृत उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन प्राधिकरण से है; नौ. "संविदा" का तात्पर्य समूहक और चालक के बीच हुए करार से है, जिसमें ऐसे समूहक के ऐप के माध्यम से यात्री को सेवाएं प्रदान करने के लिए दोनों पक्षों के अधिकारों और दायित्वों को विनिर्दिष्ट किया गया हो; दस. "अभिहित पोर्टल" का तात्पर्य इस अध्याय के नियम 125-घ में निर्दिष्ट केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित और अधिसूचित किये जाने वाले पोर्टल से है; ग्यारह. "चालक किराया" का तात्पर्य यात्रा के दौरान ऐप के माध्यम से यात्री को प्रदान की गई सेवाओं के लिए समूहक द्वारा चालक को संदेय किराये के ऐसे भाग से है, जिसमें चालक द्वारा संदेय टोल का मूल्य और पार्किंग फीस सम्मिलित है; बारह. "गतिशील मूल्य" का तात्पर्य समूहक के किराए के किराया एल्गोरिथ्म का उत्पाद से है, जहाँ यात्रा का किराया तब बढ़ाया जाता है जब यात्राओं की माँग यानों की आपूर्ति से अधिक हो जाती है; तेरह. "किराया" का तात्पर्य यात्री द्वारा समूहक को संदेय कुल प्रभार से है,(किसी भी लागू छूट/वृद्धि सहित), जो किसी यात्रा के लिए ऐप के माध्यम से समूहक प्लेटफ़ॉर्म पर परिवहन सेवाओं का लाभ उठाने वाले यात्री के अनुसरण में है; चौदह. "प्रपत्र" का तात्पर्य इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र से है; पंद्रह."शिकायत प्रतितोष अधिकारी सह अनुपालन अधिकारी" का तात्पर्य समूहक या वितरण सेवा प्रदाता द्वारा नियुक्त व्यक्ति से है,जो परिवहन विभाग के सक्षम

http://transportnodesmis.up.gov.in

	प्राधिकारी और नोडल अधिकारियों के साथ समूहक या वितरण सेवा प्रदाता का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम उत्तरदायी पद धारण करते हुए प्रत्यायोजित मुख्तारनामा के साथ समूहक या वितरण सेवा प्रदाता के निमित्त कार्य करने के लिए आवश्यक प्राधिकार धारक आवेदक का पूर्णकालिक कर्मचारी होगा और परिवहन विभाग के लिए संविदा का एकमात्र बिंदु होगा और किसी भी यात्री या चालक की शिकायत के प्रतितोष के लिए उत्तरदायी होगा; सोलह. "नोडल अधिकारी"- का तात्पर्य अपने-अपने क्षेत्रों में चालक या यात्री की शिकायतों के निवारण के प्रयोजन हेतु समूहक या वितरण सेवा प्रदाता द्वारा नियुक्त शिकायत प्रतितोष अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए प्रत्येक सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) और उप परिवहन आयुक्त(परिक्षेत्र) से है; सत्रह. "प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम" का तात्पर्य इस नियमावली के नियम 125-ट के अधीन विनिर्दिष्ट प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम से है; अठारह. "यात्रा" का तात्पर्य प्रस्थान स्थल से गंतव्य तक, विनिर्दिष्ट तिथि और समय पर की गई यात्रा, चाहे की गई हो या नहीं से है,और इसमें यात्रा योजना को पूरा करने के लिए उपयोग किए जा रहे मोटर यान का प्रकार या वर्ग सम्मिलित हो सकता है; उन्नीस. "अनुज्ञप्ति" का तात्पर्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा समूहक को जारी की गई अनुज्ञप्ति से है; बीस."अनुज्ञप्ति फीस" का तात्पर्य इस नियमावली के नियम 125च के अधीन संदेय फीस से है; इक्कीस. "वाणिज्यिक कार पूलिंग व्यवस्था"- का तात्पर्य समूहक प्लेटफॉर्म पर यान रजिस्ट्रीकरण संख्या के साथ समूहक द्वारा यथाविनिश्चय किये गये प्रस्थान बिन्दु और समय अनुसूची को उल्लिखित करते हुए ऑनबोर्ड की गई वाणिज्यिक मोटर कार का उपयोग करके की गई यात्रासे है; बाइस. "ऑन-बोर्ड" का अपने व्याकरणिक रूपों के साथ तात्पर्य समूहक द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चालकों और यानों को रजिस्ट्रीकृत करने की प्रक्रिया से है; तेईस. "ऑफ-बोर्ड" का व्याकरणिक रूपांतरों सहित तात्पर्य समूहक द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चालक और यान का रजिस्ट्रीकरण रद्द करने की प्रक्रिया से है; चौबीस. "यात्री" का तात्पर्य व्यक्ति से है, जो यात्रा करने के लिए समूहक के ऐप का उपयोग करता है; स्पष्टीकरण: इस खंड के प्रयोजन के लिए पद "यात्री" में वह व्यक्ति भी सम्मिलित होगा जिसने राइड बुक की है और किसी अन्य व्यक्ति पर भी लागू होता है जिसके निमित्त से राइड बुक की गई है; पच्चीस. "रेटिंग" का तात्पर्य समूहक या वितरण सेवा प्रदाता के प्लेटफॉर्म पर सेवा प्रदाता के बारे में 1 से 5 (1 खराब और 5 उत्कृष्ट) के पैमाने पर यात्री/या उपभोक्ता की संतुष्टि के संबंध में दी गई उसकी प्रतिक्रिया से है; छब्बीस. "पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मूल्यांकन" का तात्पर्य समूहक के साथ

http://rchesmadesh.gov.in

	एकीकृत चालकों के लिए न्यूनतम अड़तालीस (48) घंटे की अवधि के लिए और एक निरंतर सत्र में 10 घंटे की अवधि के लिए, व्यक्तिगत रूप से और वर्चुअल प्रशिक्षण सत्रों में दिये गये प्रशिक्षण सत्र से है; सत्ताईस. "सुरक्षा जमा राशि" का तात्पर्य नियम 125-छ के अधीन समूहक द्वारा बैंक गारंटी के रूप में प्रस्तुत अनुज्ञप्ति फीस सहित जमा की जाने वाली संदेय राशि से है; अठ्ठाइस. "आधार किराया" का तात्पर्य राज्य सरकार या राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश द्वारा अधिसूचित किराये की दर से है; उनतीस. "दिन" का तात्पर्य मध्य रात्रि 12:00 बजे से प्रारम्भ होने वाली चौबीस घंटे की अवधि से है; तीस. "कार्यक्षेत्र" उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जिलों सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य होगा। (2) इस अध्याय में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम और उसके तदधीन बनायी गयी केन्द्रीय नियमावली में क्रमशः उनके लिए समनुदेशित हैं।
नियमावली का लागू होना	125-ग (1) यह नियमावली किसी भी समूहक, वितरण सेवा प्रदाता और ई-कॉमर्स इकाई पर लागू होगी, जिन्होंने दो पहिया, तीन पहिया (ई-रिक्शा सहित) और चार पहिया यात्री यानों और बसों को ऑनबोर्ड किया है और वितरण सेवा प्रदाता के लिए जिन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य (उत्तर प्रदेश के एनसीआर जिलों सहित)के भीतर संचालन के लिए किसी भी श्रेणी के वितरण यानों को ऑनबोर्ड किया है: परन्तु यह कि समूहक/वितरण सेवा प्रदाता, यान का परमिट धारक और चालक सभी लागू परमिट शर्तों और सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग) के निदेश संख्या 94 या सीएक्यूएम या एनसीआर के लिए किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए किसी भी अन्य अग्रतर निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। (2) यह नियमावली ऐसी इकाईयों पर लागू नहीं होगी जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत अनुज्ञप्ति समूहकों के लिए एक अंतर-संचालनीय नेटवर्क प्रदान करने तक ही सीमित हैं और सीधे चालकों या मोटर यानों या दोनों को नियुक्त नहीं करती हैं। (3) यह नियमावली सार्वजनिक सेवा यानों द्वारा यात्रा के लिए टिकट बेचने के कारबार में लगी इकाईयों पर लागू नहीं होगी।
केंद्रीय सरकार द्वारा अभिहित पोर्टल	125-घ- अनुज्ञप्ति के लिए आवेदनों के सिंगल विंडो अनुमोदन हेतु पोर्टल, जिसमें विहित आवेदन फीस, अनुज्ञप्ति फीस और सुरक्षा जमा की रसीद सम्मिलित होगी: परन्तु यह कि उत्तर प्रदेश का परिवहन आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चलने वाले यानों के लिए पोर्टल पर पृथक उपबंध सहित, समूहक या वितरण सेवा प्रदाता प्लेटफॉर्म पर मौजूद यानों की रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए एक राज्य पोर्टल

http://transport.up.gov.in

	विकसित करेगा।
अनुज्ञप्ति प्रदान करने की प्रक्रिया	125-ड़- कोई भी व्यक्ति अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए नियम 125-च के अधीन विहित फीस के संदाय के प्रमाण के साथ अभिहित पोर्टल पर इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र एस.आर. 51 में आवेदन कर सकता है। 1. उत्तर प्रदेश राज्य के भीतर कार्यरत सभी विद्यमान समूहक और वितरण सेवा प्रदाता इस नियमावली की अधिसूचना के 90 दिनों की अवधि के भीतर अनुज्ञप्ति प्राप्त करेंगे। 2. सभी नए समूहक और वितरण सेवा प्रदाता उत्तर प्रदेश में अपना परिचालन प्रारंभ करने से पूर्व इस नियमावली के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त करेंगे। 3. राज्य परिवहन प्राधिकरण, राज्य की संपूर्ण प्रादेशिक अधिकारिता में अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकरण होगा। 4. सक्षम प्राधिकारी उप-नियम (1) के अधीन किए गए आवेदन पर ऐसे आवेदन के दिनांक से 90 दिनों की अवधि के भीतर विनिश्चय करेगा। 5. यदि आवेदक इस नियमावली के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए विनिर्दिष्ट किसी भी शर्त का पालन करने में विफल रहता है, जैसा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अवधारित किया जाय, तो सक्षम प्राधिकारी समूहक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात, लिखित में कारणों को अभिलिखित करके ऐसे आवेदन को अस्वीकार कर सकता है। 6. यह समाधान होने पर कि आवेदक ने इस नियमावली के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए विनिर्दिष्ट सभी शर्तों का अनुपालन किया है, सक्षम प्राधिकारी आवेदक को नियम 125 छ में यथाविहित उचित अनुज्ञप्ति फीस और आवश्यक सुरक्षा जमा राशि का संदाय तीस (30) दिनों की अवधि के भीतर करने का निदेश देगा। 7. अनुज्ञप्ति फीस के संदाय और सुरक्षा जमा राशि प्रस्तुत करने पर, सक्षम प्राधिकारी ऐसे संदाय के दिनांक से पन्द्रह (15) दिनों की अवधि के भीतर आवेदक को इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र एसआर-52 में अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा। 8. इस नियमावली के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुज्ञप्तियों की सूची सक्षम प्राधिकारी द्वारा केन्द्र सरकार के अभिहित पोर्टल और राज्य सरकार के राज्य परिवहन पोर्टल पर अपलोड और अद्यतन की जाएगी।
अनुलिपि अनुज्ञप्ति जारी करना	125ड़-1 जब कोई अनुज्ञप्ति खो जाती है या नष्ट हो जाती है, तो धारक तुरंत एफआईआर की एक प्रति के साथ उस परिवहन प्राधिकरण को तथ्य सूचित करेगा जिसके द्वारा अनुज्ञप्ति जारी किया गया था, और प्रपत्र एसआर 54 में आवेदन के साथ नियम 125च में विहित फीस जमा करेगा। 1. परिवहन प्राधिकरण, आवेदन प्राप्त होने पर, स्वयं संतुष्ट होने के बाद, अनुलिपि

http://transport.up.nic.in

	अनुज्ञप्ति जारी करेगा। 2.इस नियम के अधीन जारी किए गए अनुलिपि अनुज्ञप्ति पर लाल स्याही से स्पष्ट रूप से अनुलिपि अंकित किया जाएगा।
समूहक के लिए फीस	125-च—इस अध्याय के विभिन्न उपबंधों के अधीन संदेय फीस नीचे सारणी में यथाविनिर्दिष्ट अनुसार होगी: सारणी–

क्रमांक	विवरण	धनराशि रु .में
1	आवेदन फीस	25,000
2	अनुज्ञप्ति प्रदान करना	5,00,000
3	अनुज्ञप्तिनवीकरण के लिए आवेदन	5,000
4	अनुज्ञप्तिका नवीकरण	5,00,000
5	अनुज्ञप्ति धारक के पते में परिवर्तन अभिलिखित करने के लिए आवेदन	25,000
6	अनुलिपि अनुज्ञप्ति जारी करना	10,000
7	अपील	10,000

सुरक्षा जमा राशि	125-छ- समूहक द्वारा दी जाने वाली सुरक्षा जमा राशि निम्नलिखित होगी: सारणी

क्र0सं0	विवरण	धनराशि (रू0 में)
1.	100 बसें या 1,000 अन्य मोटर यान तक	10,00,000
2.	1,000 बसें या 10,000 अन्य मोटर यान तक	25,00,000
3.	1,000 से ज़्यादा बसें या 10,000 से ज़्यादा अन्य मोटर यान	50,00,000

अनुज्ञप्ति की वैधता, नवीकरणऔर उससे सम्बन्धित मामले	125-ज- (1) अनुज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से पाँच वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य रहेगी। (2) अनुज्ञप्ति को सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियम 125च में यथाविहित फीस और आवश्यक सुरक्षा जमा राशि के संदाय के साथ, अनुज्ञप्ति की समाप्ति के 60 दिन पहले प्रपत्र एसआर-53 में आवेदन करने पर, अग्रतर पाँच वर्षों की अवधि के लिए नवीकृत किया जा सकता है। (3) उपनियम 2 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट अंतिम दिनांक के बाद अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन पर विचार कर सकता है, एक. उपनियम 2 में विनिर्दिष्ट दिनांक से पहले प्रति दिन देरी के लिए एक हजार (1,000) रुपये की शास्ति के साथ, दो. अनुज्ञप्ति की समाप्ति के बाद प्रति दिन देरी के लिए दो हजार (2,000) रुपये

http://shramadesh.up.gov.in

	की शास्ति के साथ, (4) ऐसे नवीकरण के प्रयोजनों के लिए, सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित की जाँच करेगा: क) लागू नियमावली और विनियमावली के अनुपालन के समूहक के अभिलेख, ख) समूहक के विरुद्ध की गई दंडात्मक कार्यवाही, यदि कोई हो।
अनुज्ञप्ति प्राप्त करने की पात्रता	125-झ- 1- आवेदक कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन रजिस्ट्रीकृत कंपनी या सीमित दायित्व भागीदारी, या चालकों या मोटर यान स्वामियों के संघों द्वारा गठित और सहकारी समिति अधिनियम, 1912 के अधीन रजिस्ट्रीकृत एक सहकारी समिति होगी। 2- आवेदक अधिनियम या तदधीन बनायी गयी नियमावली और विनियमावली, डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के साथ-साथ तदधीन जारी मध्यस्थ नियमों समेत परन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं होते हुए लागू विधियों का पालन करेगा। 3- आवेदक का उत्तर प्रदेश में कार्यालय होगा।
समूहक के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने की शर्तें	125ञ- अनुज्ञप्ति प्राप्त करने का इच्छुक आवेदक निम्नलिखित शर्तों का पालन करेगा: 1. आवेदक सभी नियमों का पालन करेगा। 2. समूहक स्वयं या किसी प्राधिकृत तृतीय पक्ष को आउटसोर्स करके चालकों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। 3. समूहक, नियोजित किए जाने वाले चालकों और इस नियमावली के लागू होने से पूर्व ही नियोजित चालकों के लिए भी नियम 125-ट के अधीन प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित या व्यवस्थित करेगा। 4. समूहक सेवाओं के प्रारंभ होने के बारे में सक्षम प्राधिकारी को लिखित सूचना देगा और अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने के दिनांक से छह (6) महीने के भीतर उसे अद्यतन करेगा, ऐसा करने में विफल रहने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति रद्द किया जा सकता है। 5. सेवाओं के प्रारंभ होने से न्यूनतम बहत्तर (72) घंटे पहले, समूहक सक्षम प्राधिकारी को ईमेल या व्यक्तिगत रूप से सूचित करेगा और ऐसी सूचना सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभिहित पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। 6. समूहक और ऑनबोर्ड किए गए चालक स्वास्थ्य या सार्वजनिक सुरक्षा से संबंधित केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए किसी भी नियम का पालन करेंगे। 7. समूहक यात्रियों के लिए पाँच लाख से अन्यून रुपये का बीमा कवरेज सुनिश्चित करेगा। 8. समूहक ऑनबोर्ड किए गए चालकों को कई समूहकों के साथ काम करने से

http://gazettedesk.up.gov.in

	निर्बंधित या प्रतिसिद्ध नहीं करेगा। 9. समूहक चालकों और यात्रियों दोनों के लिए यात्रा के समग्र अनुभव की गुणवत्ता का मूल्यांकन और रेटिंग करने के लिए ऐप के भीतर एक तंत्र विकसित करेगा। 10. समूहक यात्री यानों(यदि परमिट की आवश्यकता से छूट नहीं दी गई है) के मामले में विधिमान्य संविदा वहन परमिट रखने वाले और ऑनबोर्डिंग के इच्छुक मोटर यानों को इस नियमावली के सुसंगत उपबंधों के अनुपालन के अध्यधीन ऑनबोर्डिंग की अनुज्ञा देगा। 11. समूहक की अनुज्ञप्ति पिछले एक वर्ष में रद्द नहीं की गयी होनी चाहिए। 12. समूहक या वितरण सेवा प्रदाता द्वारा एक शिकायत प्रतितोष अधिकारी सह अनुपालन अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो सक्षम प्राधिकारी और परिवहन विभाग के नोडल अधिकारियों के साथ समूहक या वितरण सेवा प्रदाता का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम उत्तरदायी पद धारण करते हुए प्रत्यायोजित मुख्तारनामा के साथ समूहक या वितरण सेवा प्रदाता के निमित्त आवश्यक प्राधिकार धारक आवेदक का पूर्णकालिक कर्मचारी होगा और परिवहन विभाग के लिए संविदा का एकमात्र बिंदु होगा और किसी भी यात्री या चालक की शिकायत के प्रतितोष के लिए उत्तरदायी होगा। शिकायत प्रतितोष अधिकारी का ब्यौरा, जिसमें उसका नाम, शैक्षिक योग्यता, ईमेल पता और टेलीफोन नंबर सम्मिलित है, समूहक द्वारा अपने ऐप और वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। 13. समूहक अनुज्ञप्ति प्रदान किये जाने के दिनांक से छह महीने के भीतर कारबार का संचालन शुरू करेगा, ऐसा करने में विफल रहने पर अनुज्ञप्ति रद्द कर दिया जाएगा।
प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम	125-ट- 1- जब कोई चालक किसी समूहक प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड का अनुरोध करता है, और यदि समूहक उस अनुरोध को स्वीकार कर लेता है, तो समूहक चालक से ऑनबोर्डिंग से पहले प्रेरण प्रशिक्षण के लिए कहेगा। 2- चालकों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम न्यूनतम चालीस (40) घंटे की अवधि का होगा, जिसमें व्यक्तिगत और वर्चुअल प्रशिक्षण सत्रों का संयोजन सम्मिलित होगा। इस कार्यक्रम का विस्तृत पाठ्यक्रम समूहक द्वारा ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्यक्रम चालकों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करेगा:- क. समूहक के ऐप का उपयोग; ख. मोटर यान अधिनियम, 1988, केन्द्रीय मोटर यान नियमावली, 1989, उत्तर प्रदेश मोटर नियमावली, 1998 और अन्य संबंधित अधिनियमों एवं नियमावलियों के सुसंगत उपबंध; ग. मोटर यान (चालन) विनियमावली, 2017 के सुसंगत उपबंध; घ. सड़क दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन कार्यवाही और सहायता हेतु न्यूनतम छह घंटे का प्रथम प्रतिक्रिया प्रशिक्षण; ड़. सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के तरीके, यातायात नियम, मोटर यान

http://dlcsanand.up.gov.in

	अनुरक्षण, ईंधन-कुशल वाहन चालन, आचरण और व्यवहार; च. मार्गों से परिचित होना; छ. चालक और समूहक के बीच करार का निबंधन; ज. लिंग संवेदीकरण, दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति संवेदीकरण और गतिशीलता आवश्यकताओं पर विशेष प्रशिक्षण; झ. राज्य सरकार द्वारा यथाविहित अन्य प्रशिक्षण। 3- समूहक अभिहित पोर्टल पर प्रेरण प्रशिक्षण ढांचे का विवरण अपलोड करेगा।
	125-ठ: समूहक के साथ कार्यरत रहने की अवधि के संदर्भ में समान स्थिति वाले सभी चालकों में से जिन चालकों की रेटिंग पांच प्रतिशत से कम है, उन्हें अनिवार्य रूप से हर तिमाही में एक पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना होगा, जिसके अभाव में चालक समूहक के माध्यम से सेवाएं प्रदान करना जारी नहीं रख सकेंगे।
चालकों के संबंध में अनुपालन	125-ड- 1- चालकों को ऑनबोर्डिंग करने के प्रयोजन से, समूहक निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा, अर्थात्:— क. ऑनबोर्डिंग से पूर्व, समूहक को चालक की स्पष्ट पहचान और पते का सत्यापन करने के प्रयोजन से यूआईडीएआई से अभिगम प्राप्त करके चालक के आधार कार्ड का अनिवार्य रूप से सत्यापन करना होगा। ख. चालक के पास ऑनबोर्डिंग अवधि के दौरान जिस प्रकार या श्रेणी के वाहन को ऑनबोर्ड किया जाना है, उसके लिए विधिमान्य ड्राइविंग अनुज्ञप्ति होना चाहिए। ग. चालक के पास न्यूनतम दो वर्ष का ड्राइविंग अनुभव होना चाहिए। घ. चालक के नाम पर एक विधिमान्य बैंक खाता होना चाहिए। ड.चालक को पिछले तीन (3)वर्षों के भीतर निम्नलिखित अपराधों में से किसी के लिए दोषी नहीं ठहराया गया होगा, अर्थात्:— (क) स्वापक औषधियों या एल्कोहल के प्रभाव में वाहन चलाने का अपराध; और (ख) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अधीन कोई संज्ञेय अपराध, जहाँ लागू हो, कपट, यौन अपराध, संज्ञेय अपराध करने के लिए मोटर वाहन का उपयोग, संपत्ति को नुकसान पहुँचाने या चोरी करने वाले अपराध, हिंसा के कृत्य, आतंकवाद के कृत्य,

http://snasamanesh.up.gov.in

	या जनता के लिए न्युसेंस या खतरा पैदा करने वाले कृत्य शामिल हैं। च. चालक को समूहक द्वारा निर्धारित अस्पताल या चिकित्सा संस्था में, स्वास्थ्य परीक्षा के लिए, दृष्टि परीक्षण सहित, एक चिकित्सा परीक्षा करवाना होगा। छ. समूहक यह सुनिश्चित करेगा कि चालक का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन एक रजिस्ट्रीकृत मनोचिकित्सक द्वारा किया जाए ताकि ऑनबोर्डिंग के लिए उसकी उपयुक्तता का अवधारण किया जा सके। ज. ऑनबोर्डिंग से कम से कम सात (7) दिन पूर्व पुलिस द्वारा चालक के चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन किया जाएगा, और समूहक ऐसे सत्यापन का एक लिखित रिकॉर्ड रखेगा। झ. समूहक और चालक के बीच एक करार किया जाएगा, जिसमें राज्य की भाषा में वाहन में ऑनबोर्डिंग और चलाने के लिए लागू नियमों और शर्तों को विनिर्दिष्ट किया जाएगा; और मानक निबंधनों व शर्तें समूहक द्वारा अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएंगी। परन्तु यह कि चालक के कार्य के घंटे मोटर वाहन अधिनियम, 1988, उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1998 और श्रम कानूनों के उपबंधों के अनुसार होंगे। 2- परन्तु यह कि उपरोक्त शर्तों का अनुपालन समूहक द्वारा धारित अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता अवधि के दौरान जारी रहेगा।
चालकों के कल्याण के लिए उपबंध	125-ढ़- 1- चालकों के कल्याण के लिए, समूहक निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा, अर्थात्:- (क) प्रत्येक चालक के लिए कम से कम पाँच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय सरकार द्वारा यथाअधिसूचित वार्षिक वेतन वृद्धि होगी। (ख) प्रत्येक चालक के लिए कम से कम दस लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस दुर्घटना बीमा कवर सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय सरकार द्वारा यथाअधिसूचित वार्षिक वेतन वृद्धि होगी। (ग) परंतु यह कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अधीन किए गए उपबंधों के अधिसूचित और प्रवृत्त होने पर, उप-खंड (क) और (ख) तदनुसार लागू होंगे। (घ) वैयक्तिक रूप से और आभासी प्रशिक्षण सत्रों के संयोजन के रूप में वार्षिक पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आंतरिक संसाधनों के माध्यम से या अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे, और ऐसे प्रशिक्षण का रिकॉर्ड रखा जाएगा। परंतु यह कि समूहक के साथ वचनबंध की अवधि के संदर्भ में समान स्थिति वाले सभी चालकों में से जिन चालकों की रेटिंग पांच प्रतिशत से कम हो, उन्हें अनिवार्यत: रूप से हर तिमाही में एक पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होना होगा, जिसके अभाव में चालक, समूहक के माध्यम से सेवाएं प्रदान करना जारी

http://rhgsandesh.up.gov.in

	नहीं रख सकेगा। 2- यदि किसी यात्री द्वारा चालक के विरुद्ध अधिनियम, नियमों या ऐसे मार्गदर्शनों के उपबंधों के अतिक्रमण की शिकायत दर्ज की जाती है, तो समूहक द्वारा नियुक्त शिकायत प्रतितोषण अधिकारी शिकायत की तिथि से तीन (3) दिनों के भीतर जांच करेगा और ऐसी जांच पूरी होने पर ही चालक के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। समूहक द्वारा शिकायत प्रतितोषण अधिकारी के माध्यम से यात्री और नोडल अधिकारी को ऐसी जांच के परिणाम से सूचित किया जायेगा। 3- चालक के कार्य के घंटे मोटर वाहन अधिनियम, 1988, उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1998 और श्रम कानूनों के उपबंधों के अनुसार होंगे।
दस्तावेजों का रख-रखाव	125-ण- समूहक, सारथी पोर्टल से सम्यक रूप से प्रमाणित ऑन-बोर्ड चालकों से संबंधित दस्तावेजों और समूहक द्वारा समुचित समझे जाने वाले अन्य दस्तावेजों का डिजिटल रिकॉर्ड रखेगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:- (क) एक फोटोग्राफ; (ख) मूल ड्राइविंग अनुज्ञप्ति; (ग) आधार कार्ड; (घ) बैंक खाते का सत्यापित विवरण; (ङ) दो आपातकालीन संपर्कों के नाम, पते और संपर्क नंबर।
परमिट	नियम 125-त- समूहक यह सुनिश्चित करेगा कि सभी परिवहन मोटर वाहनों के पास, यदि परमिट से छूट प्राप्त नहीं है, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के प्रावधानों के अधीन अपेक्षित विधिमान्य परमिट हों।
यानों के संबंध में अनुपालन	नियम 125-थ- 1- समूहक यह सुनिश्चित करेगा कि ऑन बोर्डेड चालकों से संबंधित मोटर वाहन निम्नलिखित शर्तों का पालन करते हैं:- (क) परिवहन वाहन के रूप में विधिमान्य रजिस्ट्रीकरण; (ख) अधिनियम के अधीन अपेक्षित विधिमान्य प्रमाणपत्र; (ग) सीएमवीआर के अधीन विहित रजिस्ट्रीकरण चिह्न का प्रदर्शन; (घ) यात्री बीमा के साथ विधिमान्य तृतीय-पक्ष बीमा पॉलिसी, जो वाहन में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री के लिए कवरेज सुनिश्चित करती है; (ङ) केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के अधीन अपेक्षित विधिमान्य प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र; (च) राज्य सरकार द्वारा राज्य या उसके किसी शहरी क्षेत्र के लिए विनिर्दिष्ट उत्सर्जन सन्नियमों का अनुपालन, जैसा भी मामला हो; (छ) नगर विनिर्दिष्ट ईंधन सन्नियमों का अनुपालन; (ज) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निदेश संख्या 94 के अनुसार, एनसीआर में वाहन प्रदूषण में कमी लाने और क्लीनर गतिशीलता की ओर तेज़ी से संक्रमण लाने के लिए,

http://bhasan.mdch.up.gov.in

	(क) एनसीआर में यानों के विद्यमान फ्लीट में केवल सीएनजी/इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर ऑटोरिक्शा को ही अतिरिक्त रूप से शामिल किया जाएगा। (ख) एनसीआर में 01.01.2026 से चार पहिया एलसीवी, चार पहिया एलजीवी (एन1 श्रेणी 3.5 टन तक) और दो पहिया के विद्यमान फ्लीट में पूरी तरह से डीजल या पेट्रोल पर चलने वाले किसी भी पारंपरिक आईसीई यान को शामिल नहीं किया जाएगा; (ञ) सीएक्यूएम या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी का कोई भी अग्रतर निदेश लागू होगा। (ट) लागू मोटर यान कर और अन्य देय का संदाय भुगतान; (ठ) मोटर यान के संबंध में अधिनियम के अधीन अपराधों और अतिक्रमणों से संबंधित सभी लंबित चालानों का समाशोधन; (ड) यान के अंदर (मोटरसाइकिलों को अपवर्जित कर) चालक के अनुज्ञप्ति और मोटर यान परमिट (यदि लागू हो) की प्रतियों को प्रदर्शित करना, चालक के बगल वाली आगे की यात्री सीट के पीछे चिपकाना, ताकि यान में बैठे यात्रियों को स्पष्ट रूप से दिखाई दे; (ढ) सीएमवीआर के नियम 125-ज के अधीन अनिवार्य रूप से पैनिक बटन सहित एआईएस-140 के अनुरूप कार्यात्मक यान स्थान ट्रैकिंग उपकरण या प्रणाली का संस्थापन, जो समूहक के नियंत्रण कक्ष से इलेक्ट्रॉनिक रूप से जुड़ा हो और राज्य सरकार के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र के साथ एकीकृत हो; (ण) लागू विधि के अनुसार चाइल्ड-लॉक क्रियाविधि को अक्षम करना (तिपहिया वाहन, मोटरसाइकिल और बसों को अपवर्जित कर); (त) लागू कानून के अनुसार केंद्रीय लॉकिंग प्रणाली के लिए मैनुअल ओवरराइड को सक्रिय करना (तिपहिया वाहन, मोटरसाइकिल और बसों को अपवर्जित कर); (थ) मोटर यान के अंदर पर्याप्त क्षमता वाले अग्निशामक यंत्र का उपबंध (मोटरसाइकिल को अपवर्जित कर); (द) मोटर यान के अंदर प्राथमिक उपचार किट का उपबंध; (ध) कानून के अनुसार यान में कार्यात्मक गति नियंत्रक लगाया जाना; 2- समूहक बारह वर्ष से अधिक पुराने यानों को ऑनबोर्ड में नहीं लगाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उसके द्वारा यान में लगाए गए सभी यान बारह वर्ष से अधिक पुराने न हों। परंतु यह कि नगर/क्षेत्र के ईंधन मानदंड, तथा विभिन्न नगरों/क्षेत्रों के लिए विभिन्न प्रवर्गों के यानों के लिए आयु से संबंधित विहित परमिट शर्त (यदि बारह वर्ष से अनधिक हो) लागू होगी; 3- समूहक अपने द्वारा संचालित सभी मोटर यानों के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेजों का सत्यापन और अभिलेख रखेगा, तथा वाहन पोर्टल पर ऐसे आंकड़ों को वास्तविक समय के आधार पर प्रमाणित करेगा:— (एक) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र; (दो) अधिनियम के अधीन फिटनेस प्रमाणपत्र; (तीन) चेसिस और इंजन नंबर; (चार) तृतीय-पक्ष बीमा पॉलिसी (यात्री के लिए पाँच लाख रुपये के बीमा कवर के

http://transport.up.gov.in

	साथ); (पांच) प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र; और (छ:) ऑनबोर्डिंग से पहले लंबित ई-चालान का ब्यौरा और उसके निपटान का प्रमाण।
वेबसाइट, ऐप और प्रौद्योगिकी के संबंध में अनुपालन	125-द 1) समूहक अपनी वेबसाइट, ऐप और प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नलिखित अनुपालन सुनिश्चित करेगा, अर्थात् 2) समूहक अपने स्वामित्व, रजिस्ट्रीकृत पता, किराया संरचना, ग्राहक सेवाओं के लिए संपर्क ब्यौरा, ईमेल पता, प्रदान की जाने वाली सेवाओं और अन्य प्रासंगिक विवरणों को प्रदर्शित करने वाली एक वेबसाइट विकसित और अनुरक्षित करेगा। 3) ऐप को लागू विधियों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। 4) समूहक के ऐप की भेद्यता और साइबर सुरक्षा को सर्ट-इन द्वारा मान्यता प्राप्त और सूचीबद्ध साइबर सुरक्षा फर्म द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। 5) यात्रा ब्यौरा, यात्री ब्यौरा और किराए सहित, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं, डेटा समूहक के ऐप पर उत्पन्न किया जाएगा और डेटा उत्पादन की तिथि से न्यूनतम 3 महीने और अधिकतम 12 महीने तक संग्रहीत किया जाएगा। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 सहित विधि की सम्यक प्रक्रिया के अनुसार डेटा उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। 6) चालक के किराए के हिस्से का अनुपात, प्रोत्साहन राशि, चालक के हिस्से और विभाजित किराए का विवरण, और राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित ऐसी अन्य जानकारी, समूहक द्वारा अपनी वेबसाइट और ऐप पर अपडेट करके सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। 7) ऐप में एक ऐसी सुविधा शामिल होगी जिससे यात्री यात्रा पूरी होने तक अपनी लाइव लोकेशन और यात्रा की स्थिति साझा कर सकेंगे, जिसके बाद लाइव लोकेशन साझा करने की सुविधा समाप्त हो जाएगी। 8) परिवहन कार पूलिंग के प्रयोजन से, यान के रजिस्ट्रीकरण नंबर के साथ विनिर्दिष्ट आरम्भिक स्थान और गंतव्य की खोज करने के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी और पुरुष सह-यात्री के मामले में महिला यात्री की सहमति लेने का विकल्प भी दिया जाएगा। 9) ऐप में विशेष सुविधाएँ शामिल होंगी जो इसे नि:शक्त व्यक्तियों के लिए सुलभ बनाएंगी। 10) समूहक ऐप पर ऑनबोर्ड चालक की एक स्पष्ट, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली तस्वीर प्रदर्शित करेगा। 11) समूहक ड्यूटी के दौरान ऑनबोर्ड चालकों द्वारा मादक पदार्थों या शराब के उपयोग के खिलाफ सख्त शून्य-सहिष्णुता नीति तैयार और लागू करेगा। समूहक इस संबंध में अपनी नीति और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया अपनी वेबसाइट और ऐप पर अपलोड करेगा। ऐसी शून्य-सहिष्णुता नीति के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली शिकायत प्राप्त होने पर, समूहक जाँच लंबित रहने तक चालक को

http://transport.up.gov.in

	तुरंत ड्यूटी से ऑफबोर्ड कर देगा, और जाँच अवधि के दौरान चालक का निलंबन जारी रहेगा। 12) यात्रा कराने वाले चालक की संपर्क जानकारी यात्रा पूरी होने से न्यूनतम सात (7) दिनों तक ऐप के माध्यम से यात्री के लिए उपलब्ध रहेगी। 13) समूहक एक 24x7 नियंत्रण कक्ष स्थापित करेगा और सभी ऑन-बोर्ड मोटर यानों की नियंत्रण कक्ष से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, जो मोटर यानों और उनमें चालकों की गतिविधियों की निगरानी करेगा। 14) समूहक अपने ऐप, वेबसाइट का राज्य परिवहन पोर्टल से एकीकरण सुनिश्चित करेगा। 15) समूहक एक सक्रिय टेलीफोन नंबर और ईमेल पते के साथ एक कॉल सेंटर स्थापित करेगा, जो उसकी वेबसाइट और ऐप पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होगा, जो 24x7 कार्य करेगा और अंग्रेजी के साथ-साथ राज्य की शासकीय भाषा में सहायता प्रदान करेगा। ऐसा कॉल सेंटर निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा- (एक) यात्रियों, चालकों या किसी अन्य व्यक्ति को यात्रा या ऑन-बोर्ड चालक से संबंधित मुद्दों के बारे में कॉल सेंटर से संपर्क करने में सक्षम बनाना; और (दो) यात्रियों की शिकायतों का प्रतितोष सुनिश्चित करना। समूहक स्वयं द्वारा नियुक्त मोटर यानों या ऑनबोर्ड चालकों से संबंधित दुर्घटनाओं या घटनाओं की जांच करने वाले सम्यक रूप से प्राधिकृत अधिकारियों के साथ सहयोग करेगा। 16) समूहक अपने एप्लीकेशन में यात्रियों के द्वारा चालक को स्वैच्छिक टिप देने की सुविधा प्रदान करने सम्बन्धी व्यवस्था बनायेगा जो एप्लीकेशन पर यात्रा की समाप्ति के पश्चात् ही प्रदर्शित होगा तथा यह पूरी धनराशि चालक के खाते में बिना किसी कटौती के अंतरित होगी। ऐसी सुविधा की व्यवस्था उपभोग्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 व उसके तदधीन बनायी गयी नियमावली और विनियमावली के अनुपालन में होगी। 17) समूहक द्वारा विकसित एप्लीकेशन में यात्रियो को अपने ही समान लिंग के चालक (यदि समूहक के प्लेटफार्म पर महिला व पुरुष दोनों लिंग के चालक आनबोर्ड हो) को चयन करने की सुविधा प्रदान करेगा।
यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनुपालन	125-ध 1- समूहक यात्री सुरक्षा से संबंधित निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा, अर्थात्:— (क) उत्तर प्रदेश राज्य की नीति के अनुसार, सभी मोटर यानों में स्थापित यान अवस्थिति ट्रैकिंग उपकरण (वीएलटीडी) क्रियाशील रहेंगे, डाटा संचारित करेंगे और राज्य सरकार के एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र के साथ एकीकृत होंगे। स्पष्टीकरण: इन मार्गदर्शी सिद्धांतों के प्रयोजनों के लिए, स्थान ट्रैकिंग में मोटरसाइकिल और तिपहिया सहित सभी मोटर यानों के लिए इन-ऐप स्थान ट्रैकिंग शामिल होगी। (ख) चालक ऐप में प्रदर्शित मार्ग का अनुसरण करेगा, और विचलन की स्थिति में,

http://transport.up.gov.in

	ऐप नियंत्रण कक्ष को अलर्ट भेजेगा, जो तुरंत चालक और यात्री से संपर्क करेगा। (ग) यात्री सुरक्षा, विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों की, लागू विधियों के अनुपालन में सुनिश्चित की जाएगी। (घ) ऐप में यह सत्यापित करने का तंत्र होगा कि यात्रा करने वाले चालक की पहचान वही है जो ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के दौरान पुलिस द्वारा सत्यापित की गई थी। (ड.) समूहक के प्राधिकृत कार्मिकों द्वारा ऑनबोर्ड मोटर वाहनों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। च) महिला यात्रियों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ महिला चालक का विकल्प (जहां समूहक के प्लेटफार्म पर महिला चालक आनबोर्ड हो) चयन करने की सुविधा समूहक द्वारा विकसित एप में विनिर्दिष्ट फीचर के माध्यम से उपलब्ध होगी।
समूहक द्वारा गैर-भेदभाव नीति	नियम 125-न समूहक, तृतीय पक्षों के स्वामित्व वाले मोटर यानों, जो ऑनबोर्ड चालक प्रदान करते हैं, को अपने स्वामित्व वाले मोटर यानों के समान मानेगा।
किराये का विनियमन	नियम 125-प 1) राज्य सरकार द्वारा मोटर यानों की संबंधित श्रेणी या वर्ग के लिए अधिसूचित आधार किराया, समूहक के माध्यम से सेवाएँ प्राप्त करने वाले यात्रियों से लिया जाने वाला आधार किराया होगा। 2) बिना यात्री के तय की गई दूरी और यात्री(यात्रियों) को लेने के लिए तय की गई दूरी और उपयोग किए गए ईंधन सहित डेड माइलेज की प्रतिपूर्ति के लिए, न्यूनतम तीन (3) किलोमीटर के लिए आधार किराया लिया जाएगा। 3) समूहक, आधार किराए के न्यूनतम पचास प्रतिशत (50%) और अधिकतम डेढ़ गुना (150%) के अधीन, गतिशील मूल्य निर्धारण लागू कर सकता है। 4) परिवहन कार पूलिंग के मामले में, समूहक को देय किराया उपरोक्त (1), (2) और (3) में दिए गए प्रावधान के अनुसार यात्रियों के बीच विभाजित किया जाएगा। 5) समूहक के साथ अपने स्वयं के मोटर यान का उपयोग करने वाले चालक को दैनिक आधार पर चालक के किराए के हिस्से के अधीन समस्त लागतों सहित लागू किराए का कम से कम अस्सी प्रतिशत (80%) प्राप्त होगा, और शेष भाग समूहक द्वारा प्रभाजित किराए के रूप में रखा जा सकता है। 6) समूहक के स्वामित्व वाले मोटर यानों के संबंध में, ऑनबोर्ड चालक को लागू किराए का साठ प्रतिशत (60%) से अनिम्न प्राप्त होगा, जिसमें चालक के किराए के हिस्से के अधीन सभी लागतें सम्मिलित हैं, और शेष राशि समूहक द्वारा प्रभाजित किराए के रूप में रखी जाएगी। 7) किसी भी यात्री से डेड माइलेज के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा, सिवाय इसके कि जहां पिक-अप दूरी उप-नियम (2) के अधीन प्रदान की गई तीन (3) किलोमीटर से कम है; किराया केवल यात्रा के प्रारंभ बिंदु से यात्री के ड्रॉप-ऑफ

http://gazette.mp.gov.in

	बिंदु तक लिया जाएगा।
यात्रा रद्द करना	नियम 125फ- 1- जहां कोई चालक समूहक द्वारा अपनी वेबसाइट और ऐप पर विनिर्दिष्ट वैध कारणों के बिना ऐप पर बुकिंग स्वीकार करने के बाद उसे रद्द करता है, तो कुल किराए का दस प्रतिशत (10%) शास्ति, अधिकतम ₹100 के अध्यधीन, चालक पर अधिरोपित किया जाएगा और समूहक द्वारा वसूला जाएगा, और अगली बुकिंग के किराए में यात्री को समतुल्य रियायत दी जाएगी। 2- जहां यान की अपेक्षित रिपोर्टिंग समय के पश्चात 10 मिनट के भीतर यान की रिपोर्ट न करने के कारण राइडर द्वारा राइड रद्द की जाती है, या जहां चालक ने आगमन के अपेक्षित नियत समय से 10 मिनट के भीतर रिपोर्ट नहीं किया है, ऐसे रद्दीकरण को चालक द्वारा राइड रद्द करना समझा जाएगा। ऐसे मामले में, चालक पर एक सौ रुपये की शास्ति उदगृहीत की जाएगी, और उक्त रकम चालक पर अधिरोपित की जाएगी और समूहक द्वारा वसूल की जाएगी, और अगली बुकिंग के किराए में यात्री को समतुल्य रियायत दी जाएगी। 3- जहॉ कोई यात्री ऐप पर बुकिंग करने के बाद उसे रद्द करता है, तो किराये का दस प्रतिशत(10%) शास्ति, अधिकतम ₹100 के अध्यधीन यात्री पर अधिरोपित की जायेगी और अगली बुकिंग के किराये के साथ वसूली जाएगी, परन्तु ऐसा रद्दीकरण समूहक की वेबसाइट और ऐप पर विशेष रूप से उल्लिखित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता हो। इस प्रकार वसूली गई रकम को इस नियमावली के नियम 125-प के अधीन विनिर्दिष्ट अनुपात में चालक और समूहक के बीच साझा किया जाएगा।
शास्ति	नियम 125-ब- कोई भी समूहक या वितरण सेवा प्रदाता, जो मोटर यान अधिनियम, 1988 या इस नियम के अधीन कोई अतिक्रमण या गैर-अनुपालन करता है- 1. यह नियम अधिनियम के अध्याय पांच के अधीन बनाया गया है, यह उपबंध समूहक या वितरण सेवा प्रदाता पर लागू होगा। यह नियम मोटर यान अधिनियम, 1988 के अधीन प्रदान किए गए अनुपालन और दंड के अतिरिक्त लागू और प्रवर्तनीय होगा और अधिनियम के विद्यमान उपबंधों के साथ पढ़ा जाएगा। 2. मोटर यान अधिनियम, 1988 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार अधिनियम के अधीन उल्लंघन या गैर-अनुपालन के लिए और अथवा समूहक और वितरण सेवा प्रदाता नियम, 2026 के अधीन निम्नलिखित परिस्थितियों में शास्ति लगायी जाएगी - एक. यदि सक्षम प्राधिकारी की राय है कि जो कोई समूहक या वितरण सेवा प्रदाता के रूप में सेवाएं प्रदान करने में लगा हुआ है और बिना अनुज्ञप्ति के काम कर रहा है या जिसकी अनुज्ञप्ति समाप्त/निलंबित/प्रतिसंहृत कर दिया गया है, तो सक्षम प्राधिकारी अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी भी नियम के उपबंधों के अनुसार उचित शास्ति अधिरोपित करने के लिए स्वतंत्र होगा, एक

http://transport.up.gov.in

<table>
<tr><td></td><td>लाख रुपये तक के जुर्माने से दंडनीय होगा, लेकिन पच्चीस हजार रुपये से कम नहीं होगा।</td></tr>
<tr><td>समूहक द्वारा सतत फ्लीट प्रबंधन</td><td>नियम 125-भ-
समूहक अपने फ्लीट में इलेक्ट्रिक, वैकल्पिक ईंधन या शून्य-उत्सर्जन यानों के अनुपात में प्रतिवर्ष पाँच प्रतिशत (5%) की उत्तरोत्तर वृद्धि करेगा।</td></tr>
<tr><td>इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर संक्रमण</td><td>125-म-
1- समूहक और वितरण सेवा प्रदाता को अपने फ्लीट में इलेक्ट्रिक वाहनों को सम्मिलित करने के लिए सीएक्यूएम निदेश संख्या 94 द्वारा यथा अवधारित और सीएक्यूएम या एनसीआर के लिए किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए अतिरिक्त निदेश के अनुसार विहित लक्ष्यों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।
2- शेष राज्य के लिए यात्री और माल यानों के फ्लीट में ईवी को अपनाने का लक्ष्य निम्नानुसार होगा-
<table>
<tr><th rowspan="2">टाइम लाइन</th><th colspan="2">यात्री ईवी को अपनाने का लक्ष्य</th><th colspan="2">माल ईवी को अपनाने का लक्ष्य</th></tr>
<tr><th>दोपहिया और तिपहिया</th><th>चौपहिया</th><th>दोपहिया और तिपहिया</th><th>चौपहिया</th></tr>
<tr><td>इस नियम की अधिसूचना की तिथि से पहले छह मास के भीतर</td><td>10%</td><td>1%</td><td>2%</td><td>1%</td></tr>
<tr><td>इस नियम की अधिसूचना की तिथि से एक वर्ष के भीतर</td><td>15%</td><td>2%</td><td>4%</td><td>2%</td></tr>
<tr><td>इस नियम की अधिसूचना की तिथि से दो वर्षों के भीतर</td><td>20%</td><td>4%</td><td>8%</td><td>4%</td></tr>
<tr><td>इस नियम की अधिसूचना की तिथि से तीन वर्षों के भीतर</td><td>25%</td><td>7%</td><td>15%</td><td>7%</td></tr>
<tr><td>इस नियम की अधिसूचना की तिथि से चार वर्षों के भीतर</td><td>35%</td><td>10%</td><td>20%</td><td>10%</td></tr>
<tr><td>इस नियम की अधिसूचना की तिथि से पाँच वर्षों के भीतर</td><td>50%</td><td>15%</td><td>30%</td><td>15%</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

http://transmanesh.up.gov.in

समूहकों द्वारा परिवहन/गैर परिवहन मोटर साइकिलों का संकलन	125-कक- 1- यातायात की भीड़-भाड़ और वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए, तथा वहनीय यात्री गतिशीलता प्रदान करने के उद्देश्य से, समूहकों के माध्यम से अधिक स्थानीय वितरण के लिए परिवहन मोटरसाइकिलों और परिवहन/गैर-परिवहन मोटरसाइकिलों के एकत्रीकरण की अनुज्ञा दी जाएगी। 2- इस खंड के अधीन समूहक द्वारा चालकों की ऑनबोर्डिंग इन नियमों के अधीन विहित मानकों के अनुरूप होगी।
